भारत सरकार
विदेश मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 526
दिनांक 09.12.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारतीयों पर नस्लवादी हमले

526. डॉ. बीसेट्टी वेंकट सत्यवती:
श्री कोडिकुन्नील सुरेशः
श्री कुरुवा गोरांतला माधवः

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को कनाडा, यूनाइटेड किंगडम में भारतीय और अन्य लोगों के खिलाफ बढ़ती नस्लवादी टिप्पणियों और गंभीर हमलों की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने उक्त देशों से भारत में उनके राजनयिक प्रतिनिधियों के माध्यम से या अन्य माध्यम से इसका ब्यौरा मांगा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने उक्त देशों में भारतीय छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठाने के लिए उक्त देशों के साथ बातचीत शुरू की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार द्वारा इस संबंध में यूनाइटेड किंगडम, अमरीका, कनाडा और अन्य देशों में भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
(श्री वी. मुरलीधरन)

(क से घ) छात्रों सहित विदेश में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा और सलामती भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारे मिशन और केंद्र सतर्क रहते हैं और विदेश में रहने वाले भारतीयों की सलामती पर कड़ी निगरानी रखते हैं। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर हमारे मिशनों/केन्द्रों द्वारा मेजबान देश के संबंधित प्राधिकारियों के साथ तुरंत मामला उठाया जाता है ताकि ऐसे मामलों में उचित जांच करवाने और न्याय प्रदान करना सुनिश्चित किया जा सके। भारतीय मिशन/केन्द्र छात्रों सहित भारतीय समुदाय के साथ लगातार संपर्क बनाए हुए हैं और भारतीय समुदाय की सुरक्षा के उपायों के बारे में उनसे बातचीत करते हैं।

*****